भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2414

उत्तर देने की तारीख-**03/08**/202**6**

विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा

†2414. **श्री सप्तगिरी शंकर उलाका:**

श्री बृजेन्द्र सिंह ओला:

श्री रमासहायम रघुराम रेड्डी:

डॉ. राजकुमार सांगवान:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप वर्ष 2018-19 से विद्यालयी शिक्षा में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बजट आवंटित किया है और यदि हां, तो इस संबंध में आवंटित और व्यय की गई धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उत्तर प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में संचालित होने वाले कार्यशील विद्यालयों की कुल संख्या तथा विद्यालयों में कंप्यूटर, इंटरनेट कनेक्टिविटी, स्मार्ट क्लासरूम और अन्य डिजिटल शिक्षण अवसंरचना तक पहुंच वाले विद्यालयों की संख्या कितनी है;

(ग) वर्ष 2018-19 से आज की तिथि तक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और वर्ष-वार डिजिटल शिक्षण पद्धतियों/डिजिटल शिक्षण कार्यप्रणाली और प्रौद्योगिकी के उपयोग में प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या कितनी है;

(घ) क्या सरकार विद्यालयी छात्रों में, विशेषकर ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में, डिजिटल उपकरणों और इंटरनेट कनेक्टिविटी/पहुंच में मौजूद डिजिटल अभाव से अवगत है या अतिरिक्त कदम उठा रही है और यदि हां, तो इस अभाव को समाप्त करने के लिए क्या कार्रवाई की गई है; और

(ङ.) क्या सरकार ने अधिगम परिणामों पर 'पीएम ई-विद्या', 'दीक्षा' और अन्य डिजिटल शिक्षा पहलों जैसी डिजिटल शिक्षा के प्रभाव का कोई आकलन किया है और यदि हां, तो इस संबंध में प्राप्त निष्कर्षों तथा भावी कार्ययोजना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जयन्त चौधरी)

(क): सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप समग्र शिक्षा के अंतर्गत विभिन्न पहलों के माध्यम से स्कूल शिक्षा में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा दे रही है। परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) द्वारा अनुमोदित उनकी वार्षिक कार्य योजना और बजट (एडब्ल्यूपी एंड बी) के आधार पर आईसीटी प्रयोगशालाओं और स्मार्ट कक्षाओं सहित आईसीटी अवसंरचना के लिए राज्यों और संघ राज्य

क्षेत्रों (यूटी) को समग्र शिक्षा के तहत वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त, गुणवत्तापूर्ण डिजिटल शिक्षण संसाधनों तक समान पहुंच प्रदान करने के लिए मंत्रालय द्वारा दीक्षा और पीएम ई-विद्या जैसी डिजिटल शिक्षा पहलें कार्यान्वित की जाती हैं।

वित्तीय वर्ष 2018-19 से आईसीटी प्रयोगशालाओं, स्मार्ट कक्षाओं और डिजिटल शिक्षा पहलों के लिए समग्र शिक्षा के तहत स्वीकृत बजट और व्यय का वर्ष-वार ब्यौरा प्रदान किया गया है:

(रू. करोड़ में)

वर्ष	**स्वीकृत बजट**	**व्यय***
2018-19	381.1	333.7
2019-20	267.3	150
2020-21	743.3	358.3
2021-22	1726.5	512.5
2022-23	1675.6	1679.9
2023-24	1468.7	1529.5
2024-25	1488.9	527.6
2025-26	3221.1	2714.1

* व्यय में अवशिष्ट कार्यों की प्रगति शामिल है

(ख): उत्तर प्रदेश सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों को शामिल करते हुए सरकारी स्कूलों में स्मार्ट कक्षाओं**,** कंप्यूटर और इंटरनेट कनेक्टिविटी की संख्या के साथ-साथ परिचालन स्कूलों की संख्या **अनुलग्नक 1** में दी गई है।

(ग): डिजिटल शिक्षाशास्त्र/डिजिटल शिक्षण पद्धति और प्रौद्योगिकी के उपयोग में प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या **अनुलग्नक 2** में दी गई है।

(घ): शिक्षा मंत्रालय ने शिक्षण और अधिगम की प्रक्रियाओं में आधुनिक प्रौद्योगिकी को एकीकृत करके शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु समग्र शिक्षा के अंतर्गत आईसीटी और डिजिटल पहल को कार्यान्वित किया है। वार्षिक कार्य योजना एवं बजट (एडब्ल्यूपी एंड बी) में प्रस्तुत राज्य की आवश्यकताओं के अनुसार, इस योजना के तहत ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों सहित कक्षा **6** से **12** तक के सरकारी तथा सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में आईसीटी प्रयोगशालाओं और स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना के लिए निधियां प्रदान की जाती है।

आत्मनिर्भर भारत अभियान के भाग के रूप में दिनांक 17 मई, 2020 को पीएम ई-विद्या नामक एक व्यापक पहल शुरू की गई थी, जो देश भर में शिक्षा तक बहु-प्रकार की पहुंच को सक्षम करने के लिए डिजिटल/ऑनलाइन/ऑन-एयर शिक्षा से संबंधित सभी प्रयासों को एकीकृत करती है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने अपनी आवश्यकताओं के अनुसार इन पहलों की प्रभावशीलता का उपयोग करने, निगरानी और मूल्यांकन करने के लिए एनसीईआरटी के साथ सहयोग किया। एनसीईआरटी इन पहलों की गुणवत्ता के संबंध में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को नियमित मार्गदर्शन/प्रतिक्रिया भी प्रदान करता है। पीएम ई-विद्या पहल में सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को कक्षा 1-12 के लिए विभिन्न भारतीय भाषाओं में पूरक शिक्षा प्रदान करने में सक्षम बनाने के लिए 200 डीटीएच टीवी चैनल और 400 रेडियो चैनल शामिल हैं।

ज्ञान साझाकरण के लिए डिजिटल अवसंरचना (दीक्षा) सभी कक्षाओं के लिए क्यूआर कोड वाली सक्रिय पाठ्यपुस्तकों (ईटीबी) के साथ-साथ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्कूल शिक्षा हेतु गुणवत्तापूर्ण ई-सामग्री प्रदान करने के लिए एक राष्ट्र, एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। यह प्लेटफॉर्म ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों पहुंच का समर्थन करता है, जिससे शिक्षार्थियों को इंटरनेट कनेक्टिविटी के बिना सामग्री

डाउनलोड करने और अधिगम जारी रखने में सक्षम बनाया जाता है, जिससे छात्रों के लिए समान पहुंच सुनिश्चित होती है।

भारत सरकार ने चरणबद्ध तरीके से बीएसएनएल द्वारा दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल अवसंरचना को बढ़ाने के लिए 'भारतनेट' परियोजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने की घोषणा की है।

ड): स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र-परख (एनसीईआरटी) द्वारा स्कूल शिक्षा के आधारभूत, प्रारंभिक और मध्य चरणों (क्रमशः कक्षा 3, 6 और 9) के अंत में छात्रों के बीच दक्षताओं के विकास में आधारभूत प्रदर्शन को समझने के लिए परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 (पूर्व में राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण) किया गया था। 781 जिलों के 74,000 से अधिक स्कूलों के 21.15 लाख छात्र और 2.70 लाख शिक्षकों तथा स्कूल प्रमुखों ने मूल्यांकन में भाग लिया।

छात्रों की शैक्षिक पृष्ठभूमि की व्यापक समझ प्राप्त करने और मूल्यांकन निष्कर्षों की अधिक व्यापक व्याख्या को सक्षम करने के लिए, सर्वेक्षण अभ्यास के भाग के रूप में विभिन्न प्रासंगिक कारकों पर भी सूचना एकत्र की गई थी। ऐसे प्रासंगिक चरों में घर और स्कूल में डिजिटल उपकरणों तथा इंटरनेट तक पहुंच शामिल थी।

राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर की रिपोर्टें, जो चरण-विशिष्ट दक्षताओं की उपलब्धि और प्रदर्शन को प्रभावित करने वाले प्रासंगिक कारकों पर अंतर्दृष्टि प्रदान करती हैं, राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 से, आकलन के निष्कर्षों को प्रसारित करने के लिए डिज़ाइन किए गए एक समर्पित डैशबोर्ड https://dashboard.parakh.ncert.gov.in/en, पर उपलब्ध हैं।

******

अनुलग्नक 1

माननीय संसद सदस्य श्री सप्तगिरि शंकर उलाका, श्री बृजेन्द्र सिंह ओला, श्री रामसहायम रघुराम रेड्डी तथा डॉ. राजकुमार सांगवान द्वारा "विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा" के संबंध में दिनांक 03.08.2026 को पूछे जाने वाले लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 2414 के भाग (ख) के उत्तर के उल्लिखित विवरण।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में संचालित स्कूलों की संख्या तथा स्मार्ट कक्षा, कंप्यूटर सुविधा एवं इंटरनेट कनेक्टिविटी की उपलब्धता वाले स्कूलों की संख्या

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	संचालित विद्यालयों की कुल संख्या	स्मार्ट कक्षाएं		कंप्यूटर सुविधा		इंटरनेट कनेक्टिविटी	
		शहरी	ग्रामीण	शहरी	ग्रामीण	शहरी	ग्रामीण
भारत	1466682	37941	285822	63280	609498	59006	575245
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	411	25	116	33	264	29	180
आंध्र प्रदेश	60843	2567	19311	3548	26994	4645	39091
अरुणाचल प्रदेश	3159	70	441	126	806	68	576
असम	55333	981	10807	1905	40162	1977	41798
बिहार	95285	777	8115	1977	26776	4093	65714
चंडीगढ़	208	116	0	116	0	116	0
छत्तीसगढ़	57036	1116	11151	2210	26645	2568	35180
दमन और दीव और दादरा और नगर हवेली	426	30	260	32	321	32	321
दिल्ली	5643	1940	0	2687	0	2688	0
गोवा	1473	20	93	41	165	111	660
गुजरात	53425	2671	22354	3146	30696	3164	30659
हरियाणा	23479	1116	5522	1807	12351	1328	9529
हिमाचल प्रदेश	17064	367	8011	455	11943	334	8639
जम्मू और कश्मीर	24228	361	2422	644	5559	577	7973
झारखंड	44378	532	5061	1544	28302	1082	19898
कर्नाटक	74578	1886	8842	3764	17336	3071	14936
केरल	15750	688	2752	938	3857	861	3485
लद्दाख	883	20	336	28	450	22	373
लक्षद्वीप	34	0	33	0	34	0	34
मध्य प्रदेश	119694	1950	11358	4343	53317	2640	31219
महाराष्ट्र	108139	4557	42993	5264	43254	4979	39241
मणिपुर	4662	96	289	156	628	120	693
मेघालय	11462	30	136	78	576	119	1922
मिज़ोरम	3965	168	151	619	1603	503	1187
नागालैंड	2715	133	494	234	1541	147	864
ओडिशा	61594	1373	15365	2271	38972	2190	37503
पुडुचेरी	770	137	183	177	242	177	242
पंजाब	27233	1826	15526	1990	17192	1847	15492
राजस्थान	106445	1518	15729	2351	26940	2781	42763
सिक्किम	1213	26	539	28	739	25	348
तमिलनाडु	57566	5066	26255	5975	31543	5957	31285
तेलंगाना	41762	2104	7753	4939	20490	3917	15535
त्रिपुरा	4964	146	863	248	2794	156	1534
उत्तर प्रदेश	265278	2047	35403	4590	109194	2813	55699
उत्तराखंड	22437	699	5092	1128	13987	830	9902
पश्चिम बंगाल	93147	782	2066	3888	13825	3039	10770

स्रोत: यूडाइज़+ वित्त वर्ष 2025-26

अनुलग्नक 2

माननीय संसद सदस्य श्री सप्तगिरि शंकर उलाका, श्री बृजेन्द्र सिंह ओला, श्री रामसहायम रघुराम रेड्डी तथा डॉ. राजकुमार सांगवान द्वारा "विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा" के संबंध में दिनांक 03.08.2026 को पूछे जाने वाले लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 2414 के भाग (ग) के उत्तर के उल्लिखित विवरण।

वित्तीय वर्ष 2020-21 से डिजिटल शिक्षाशास्त्र/डिजिटल शिक्षण पद्धति और प्रौद्योगिकी के उपयोग में प्रशिक्षित शिक्षकों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	3613	5448	717	376	4553	7144
आंध्र प्रदेश	106278	31385	9035	9605	8753	14275
अरुणाचल प्रदेश	6324	1811	2110	141	1755	1644
असम	5779	58117	25599	416	7034	11044
बिहार	306449	291074	9748	372	97042	74189
चंडीगढ़	5351	4241	2426	140	8836	8097
छत्तीसगढ़	115630	58297	7196	398	9836	15064
दमन और दीव और दादरा और नगर हवेली	144	675	1360	65	1838	1257
दिल्ली	57592	20556	4634	1840	38122	54668
गोवा	478	14724	526	4177	16392	32945
गुजरात	118391	150072	1187	606	21489	27417
हरियाणा	72102	42864	3299	874	107489	56223
हिमाचल प्रदेश	5403	24663	7455	293	16435	14107
जम्मू और कश्मीर	97141	84882	1483	401	6443	7890
झारखंड	96740	61137	1513	313	69370	53116
कर्नाटक	166774	17323	20214	3733	22844	33288
केरल	7812	2915	1713	2135	40647	50100
लद्दाख	55	3951	78	989	628	956
लक्षद्वीप	14	667	16	24	146	127
मध्य प्रदेश	263154	179574	12937	1652	31438	25477
महाराष्ट्र	68397	41259	69644	1853	91029	79857
मणिपुर	11652	11742	1012	108	1861	1748
मेघालय	22041	6698	418	300	1809	1520
मिज़ोरम	2473	3814	245	141	721	4018
नागालैंड	1430	8415	3235	188	8564	931
ओडिशा	181806	25033	75725	1066	10090	9238
पुडुचेरी	3581	2567	94	61	2364	2146
पंजाब	10673	5260	7143	1549	63242	63061
राजस्थान	190070	228998	25424	665	85714	102007
सिक्किम	413	8537	435	260	3552	1854
तमिलनाडु	6687	2453	2334	1992	48488	30452
तेलंगाना	2980	75735	31273	448	16618	22519
त्रिपुरा	17494	196	138	74	1049	1272
उत्तर प्रदेश	536722	183649	3469	1899	62845	75298
उत्तराखंड	4522	64896	931	709	11776	24591
पश्चिम बंगाल	10850	6284	1545	551	14602	10613
कुल	**2507015**	**1729912**	**336311**	**40414**	**935414**	**920153**